वर्ष-9 अंक 04 16 सितम्बर से 22 सितम्बर 2024 तक पृष्ठ-12 MPHIN/2015/63623



# न्यूज क्राइम फाइल

आमंत्रण मुल्य 15/-

ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।


# ऋषि, मुनियों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाना सिखाया: मोहन

## हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान में विगत दो दिनों में 50 हजार से अधिक युवाओं का हुआ प्रीवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट





उदय प्रताप सिंह चौहान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में ऋषि, मुनियों, संत और महात्माओं ने हमें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का पाठ सिखाया है। उनके बताये मार्गों और सिद्धांतों पर चलकर हम स्वस्थ जीवनशैली प्राप्त कर सकते हैं। आज के युग में आहार, विहार और संयमित दिनचर्या रखने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में सांसद सेवा संकल्प अभियान हेल्थ ऑफ इंदौर और दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। स्वस्थ युवा समर्थ राष्ट्र के ध्येय को लेकर सांसद श्री शंकर लालवानी की पहल पर सांसद सेवा संकल्प अभियान हेल्थ ऑफ इंदौर के तहत विगत दो दिनों में 50 हजार से अधिक युवाओं की प्रीवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट की गई।

इस अभियान में अब तक तीन लाख से अधिक नागरिकों की प्रीवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट करवाया है। इस कार्यक्रम में मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी तथा सुश्री कविता पाटीदार, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, श्री गोलू शुक्ला, श्री मधु वर्मा तथा श्री मनोज पटेल, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, श्री गौरव रणदीवे सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज की दिनचर्या में दिन-प्रतिदिन सेहत में तेजी से विकृति आ रही है। भारतीय संस्कृति और जैन समाज की जीवनशैली अपने आप में अनूठी एवं स्वास्थ्यप्रद है। स्वस्थ जीवन के लिए भारतीय संस्कृति में बतायी गई जीवन शैली से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज सीधी, सरल, सहज, सात्विक जीवन शैली अपनाने की जरूरत है। हमें स्वस्थ रहने के लिये आहार, विहार, दिनचर्या भी संयमित रखना होगी। इससे स्वस्थ जीवन में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पांच प्राण भारतीय सनातन धर्म में माने गए हैं। पंच प्राणों पर नियंत्रण होने से व्यक्ति महानता की श्रेणी में आते हैं। ऋषि, मुनि, संत और महात्माओं ने हमें पांच प्राणों को नियंत्रित करना सिखाया हैं। उन्होंने प्रीवेंटिव हेल्थ केयर अभियान की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लेकर पालन कराया जा रहा है कि प्रदेश में खुले में मांस की दुकानें नहीं चलेंगी। गौवंश के संरक्षण के लिए भी अनेक निर्णय लिए गए हैं। गौशालाओं के संचालन के लिए दोगुनी राशि कर दी गई है। गौशालाओं का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। गौ दुग्ध उत्पादन पर बोनस दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि नर्मदा नदी के किनारे के क्षेत्रों में मांस मदिरा की दुकानें नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन की रक्षा करना सरकार की जवाबदारी है। जीवन सुरक्षा के लिए हर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। कार्यक्रम में सांसद श्री शंकर लालवानी ने हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान की पृष्ठभूमि तथा उद्देश्यों की जानकारी दी। मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति अपने आप को स्वस्थ रखने की संस्कृति है। आज खानपान और जीवन शैली पर विचार करने की जरूरत है। खान-पान और जीवन शैली दोनों में विकृति आई है। अपने आहार, विहार में सुधार लाएं, जीवन अपने आप स्वस्थ रहेगा। बीमारियों से बचने के लिए जीवन शैली, खानपान में सुधार लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसा वातावरण बनाएं कि कोई बीमार ही नहीं हो। समाज समग्रता के साथ स्वस्थ रहे, ऐसे प्रयास किये जाए। समाज में आध्यात्मिक क्रांति की जरूरत है। अध्यात्म स्वस्थ समाज के निर्माण का मूलभूत आधार है। गौवंश की सुरक्षा के लिए किये जा रहे राज्य शासन के प्रयासों की सराहना की। सेंट्रल लैब की डॉ. विनीता कोठारी ने अभियान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज, संधानसागर जी महाराज सहित बड़ी संख्या में धर्मालु उपस्थित थे।

सौभाग्य, समृद्धि एवं मोक्षदायिनी जल-झूलनी एकादशी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें...
गोपाल भार्गव -विधायक रहली, पूर्व मंत्री

# रेलवे का फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर पकड़ाया

## वीआईपी लॉन्ज में ठहरा, नाश्ता-खाना मंगाया तो शक हुआ, जांच की तो निकला स्टूडेंट

**भोपाल ब्यूरो**

भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर एक फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर को रेलवे की टीम ने पकड़ा है। वह रेलवे की वीआईपी लॉन्ज में ठहरा। वीआईपी सुविधाएं जैसे- चाय, नाश्ता और भोजन की मांग की तो रेलवे अफसरों को शक हुआ। जांच और पूछताछ में युवक ने कबूला कि वह वीआईपी सुविधा के लिए ऐसा कर रहा था। इस मामले में जीआरपी ने केस दर्ज किया है। रेलवे के अनुसार- युवक के पास से अहमदाबाद, गुजरात के एक कॉलेज का आईडी कार्ड भी मिला है। जिसमें उसके एमबीए स्टूडेंट होना लिखा था। मामला शुक्रवार देर रात का है। शनिवार को इस मामले में कार्रवाई होती रही।

**पहले बोला- लॉज खोल दीजिए, फिर नाश्ता-भोजन मांगा**

जिसे पकड़ा गया, उसका नाम रवि शाह है। रेलवे के मुताबिक- यह व्यक्ति सीधे मुख्य टिकट निरीक्षण कार्यालय पहुंचा और दावा किया कि वह रेलवे बोर्ड का सतर्कता निरीक्षक (विजिलेंस इंस्पेक्टर) हैं। उसने कहा कि उसे ट्रेन संख्या 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस से अहमदाबाद में एक गुप्त अभियान के लिए जाना है और तब तक उसके लिए वीआईपी लॉन्ज खोला जाए। वीआईपी लॉन्ज में ठहरने के बाद इस व्यक्ति ने सुविधाओं जैसे- चाय, नाश्ता और भोजन की मांग की।

**मोबाइल नंबर मांगा तो नहीं दिया, शक बढ़ा**

मुख्य टिकट निरीक्षक अनिरुद्ध सोनी एवं टिकट निरीक्षक सूर्यप्रकाश शर्मा को उसकी गतिविधियों पर संदेह हुआ। उन्होंने उनसे मोबाइल नंबर मांगा तो उन्होंने कॉन्फिडेंशियल टूर का हवाला देकर मोबाइल देने से मना किया। उन्होंने उसका नाम पूछा, चुपके से उसकी तस्वीर ली और रेलवे बोर्ड सतर्कता विभाग एवं रेलवे केंद्रीय टिकट निरीक्षण टीम से इस व्यक्ति की सत्यता की पुष्टि के लिए संपर्क किया। दोनों जगह से पुष्टि हो गई कि यह व्यक्ति सतर्कता विभाग का हिस्सा नहीं है।

**जांच के बाद आरपीएफ को दी जानकारी**

जांच के बाद मुख्य टिकट निरीक्षक सोनी ने स्टेशन प्रबंधक, रेलवे सुरक्षा बल और वरिष्ठ अधिकारियों को इस मामले की सूचना दी। आरपीएफ एसआई योगेंद्र सिंह, एएसआई ब्रजमोहन तिवारी को बुलाकर पूछताछ करवाई। जिस पर युवक ने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामला जीआरपी को सौंपा गया।



**इन धाराओं में केस**

इस मामले में रानी कमलापति जीआरपी पुलिस ने आरोपी रवि पिता राजेंद्र शाह निवासी इशानपुर अहमदाबाद गुजरात के विरुद्ध भारतीय न्यास संहिता-2023 की धारा 204, 318 (2) के तहत केस दर्ज किया है।

# भोपाल में बॉयफ्रेंड के घर मिला लड़की का शव

**न्यूज क्राइम फाइल**

नरसिंहपुर के गोटेगांव की रहने वाली बीएससी नर्सिंग की छात्रा की भोपाल के बागसेवनिया स्थित नारायण नगर में लाश मिली है। किराए का यह मकान उसके बॉयफ्रेंड का है। युवती 9 अगस्त को घर पर बिना बताए प्रेमी के साथ निकली थी। शुक्रवार को लाश मिली। मामले में परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। अंकिता चौधरी पिता विनौद चौधरी (19) जबलपुर के एक प्राइवेट कॉलेज से बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। उसके मामा रमेश कुमार चौधरी ने बताया कि अंकिता 9 अगस्त को घर से बिना बताए निकली थी। दो दिन बाद उसने अपनी बुआ के मोबाइल पर कॉल कर बताया कि वह गोटेगांव के ही मयंक परिहार के साथ है और उसी के साथ रहना चाहती है। दोनों जबलपुर में हैं। इसके बाद परिवार छात्रा को जबलपुर में तलाशता रहा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

**15 दिन पहले बुआ को मैसेज किया था**

परिवार ने छात्रा की गुमशुदगी गोटेगांव थाने में दर्ज करा दी थी। करीब 15 दिन पहले दोबारा अंकिता ने बुआ को वॉट्सऐप पर मैसेज कर भोपाल में होने की जानकारी दी। इसके बाद जब भी मौका मिलता, वह बुआ को मैसेज पर हाल-चाल बता दिया करती थी। छात्रा ने मैसेज में मां से बात कराने और उनकी याद आने का जिक्र भी किया था। उसने बुआ से बताया था कि फिलहाल शादी का कोई प्लान नहीं है।



**मैसेज में लिखा- मयंक के साथ नहीं रहना है**

इसके बाद अंकिता ने दो दिन पहले किए अपने मैसेज में लिखा था कि उसे मयंक के साथ नहीं रहना है। यह अंकिता का अपनी बुआ को किया आखिरी मैसेज था। इसके बाद परिवार को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात भांजी की मौत की सूचना मिली। शनिवार सुबह परिवार भोपाल पहुंचा। पुलिस ने बताया कि अंकिता के गले में फंदा लगा हुआ था। बॉडी जमीन पर पड़ी थी। मकान मलिक ने घटना की सूचना दी थी। छात्रा के प्रेमी मयंक का फिलहाल कुछ पता नहीं है। बॉडी पर काटे जाने जैसे निशान भी हैं। पुलिस को भी आशंका है कि अंकिता की हत्या की गई है।

**मां बोली- तार से गला रेत कर बेटी को मारा गया**

अंकिता की मां गीता चौधरी ने बताया कि हमें बेटी और मयंक के रिश्ते की जानकारी नहीं थी। उसके लापता होने के बाद पता लगा कि मयंक नाम के लड़के के साथ है। दोनों के बीच अफेयर है। उसी ने मेरी बेटी की हत्या की है। तार से गला घोंटा गया है। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**शुरुआती जांच में मामला सुसाइड का लग रहा**

बाग सेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला सुसाइड का लग रहा है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के डिटेल बयान और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**छात्रा के परिजनों ने किया चक्काजाम**

छात्रा का शव उसके परिजन भोपाल से नरसिंहपुर ले गए। यहां टट् ?टा पुल पर चक्काजाम कर दिया। अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें गोटेगांव रवाना किया। छात्रा के पिता ने विनोद चौधरी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेटी के गायब होने के बाद उन्होंने गोटेगांव थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट कराने के लिए आवेदन दिया था। पुलिस ने अपनी मर्जी से रिपोर्ट दर्ज की।

अन्नदाता किसानों का समग्र उत्थान आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
योगी आदित्यनाथ- मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश



# जेब कतरों ने चलती बस में कंडक्टर को पीटा, केस

## भोपाल में चूना भट्‌टी के पास हमला; पुलिसकर्मी ने दबोचा, थाने ले गया

न्यूज क्राइम फाइल

दो जेब कतरों ने भोपाल में दौड़ती सिटी बस के कंडक्टर पर हमला कर दिया। कंडक्टर ने बदमाशों को यात्री की जेब काटते देख लिया था और विरोध जताया था। इससे गुस्साए बदमाशों ने कंडक्टर की लात-घुसों से पिटाई कर दी। जिससे वह लहुलुहान हो गया। बस में बैठे एक पुलिसकर्मी ने हिम्मत दिखाकर एक बदमाश को दबोच लिया और थाने ले आया। घटना चूना भट्‌टी इलाके में पं. खुशीलाल शर्मा हॉस्पिटल के पास हुई। करोंद से कोलार के बीच चलने वाली सिटी बस नंबर- एमपी-04 पीए-3692 के कंडक्टर सुरेश वर्मा (41) निवासी कजलीखेड़ा कोलार रोड के साथ बदमाशों ने मारपीट की। सुरेश के सिर में गंभीर चोंट आई। साथी उसे तुरंत हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। बस में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद होने से वीडियो रिकॉर्ड नहीं हो सका।

**कंडक्टर बोला-रास्ते में कई यात्रियों की जेब काटी**

कंडक्टर सुरेश ने बताया- मैं करोंद से कोलार तक चलने वाली बस में कंडक्टरी करता हूं। आज, सुबह साढ़े 11 बजे ड्राइवर शफीक खान के साथ मैं करोंद से बस लेकर कोलार की तरफ जा रहा था। रेलवे स्टेशन के पास चार-पांच जेब कतरे चढ़े थे, जो जहांगीराबाद से पहले एक-दो यात्रियों के पर्स भी उड़ा चुके थे, लेकिन किसी को भनक लगती, उससे पहले ही भाग निकले। यात्रियों ने जब जेब देखी तो यह बताई। हालांकि, बस में दो जेब कतरे मौजूद रहे। पं. खुशीलाल हॉस्पिटल में जब वे एक यात्री की जेब काट रहे थे, तब मेरी नजर चली गई। मैंने विरोध किया तो बदमाशों ने हाथापाई की। मारपीट कर मुझे लहुलुहान कर दिया। बस में ही एक पुलिसकर्मी बैठे थे। जिन्होंने एक बदमाश को दबोच लिया। इसके बाद बदमाश को चूना भट्‌टी थाने में लेकर पहुंचे और केस दर्ज कराया। कंडक्टर सुरेश ने बताया, उसके साथ पहले भी मारपीट की घटना हो चुकी है।

**फरवरी 2017 में एसआर-5 में यात्री की कर दी थी हत्या**

फरवरी 2017 में यात्रियों से भरी लो-फ्लोर बस (एसआर-5) में जेबकतरों ने तांडा बैरसिया निवासी कमल सिंह (22) की हत्या कर दी थी। कमल सिंह उस दिन लो-फ्लोर बस एसआर-5 (एमपी-04 पीए 1067) में बैरागढ़ जाने के लिए सवार हुए थे। कोहेफिजा इलाके में तीन जेबकतरों ने उनका जेब काटने का विरोध किया तो चाकू से हमला कर हत्या कर फरार हो गए थे।



**एक दिन में सवा लाख यात्री कर रहे सफर**

भोपाल की सड़कों पर 25 रूट पर करीब 200 सिटी बसें दौड़ रही है। (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) इनका संचालन कर रहा है। सिटी बसों में एक दिन में करीब सवा लाख यात्री सफर करते हैं। किराए के रूप में उन्हें न्यूनतम 7 और अधिकतम 42 रुपए लगते हैं। सभी बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और कैमरे होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन वारदात के बाद भी जेबकतरों को पुलिस नहीं पकड़ पाती।

**सिटी बसों में यह सुविधाएं होने का दावा**

- सभी में सीसीटीवी लगे हैं।
- जीपीएस सिस्टम से ट्रेकिंग।
- मोबाइल एप के जरिए बसों के आने-जाने की जानकारी।
- कैशलेस सुविधा भी शुरू की गई है। मोबाइल पास व मासिक स्मार्ट कार्ड की सुविधा।
- बसों के अंदर ईटीवीएम मशीन के माध्यम से स्मार्ट टिकटिंग।

# भोपाल के बैरसिया में भड़काऊ मैसेज पर होगी एफआईआर

## अश्लील मैसेज मामले के बाद एक्शन; एसडीएम हटे, अब नए जांच कर सौंपेंगे रिपोर्ट

न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल के बैरसिया में सोशल मीडिया जैसे- वाट्सएप, फेसबुक-इंस्टाग्राम पर यदि किसी ने किसी जाति-धर्म, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति या आम लोगों की भावना को भड़काने के मैसेज किए तो उस पर FIR होगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश के बाद एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार देर शाम बैरसिया एसडीएम दीपक पांडे को हटा दिया। उन्हें कलेक्टोरेट में पदस्थ किया गया है। बैरसिया के तत्कालीन एसडीएम दीपक पांड़े ने शुक्रवार देर रात क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखने सोशल मीडिया सहित अन्य दूसरे प्लेटफार्म द्वद्व भड़काऊ पोस्ट के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आदेश जारी किए थे। इसके कुछ ही समय बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने एसडीएम पांडे को बैरसिया एसडीएम पद से हटा दिया। शनिवार को नए एसडीएम आदित्य जैन ने ज्वाइन किया। वे एसडीओपी के साथ मिलकर 7 दिन के अंदर बैरसिया में नाबालिग छात्रा को मैसेज भेजने के मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपेंगे।

**प्रतिबंधात्मक आदेश में यह**



बैरसिया क्षेत्र में सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे- मोबाइल, कंम्प्यूटर, पोस्टर एवं अन्य सोशल मीडिया आदि पर किसी प्रकार का गलत मैसेज या साम्प्रदायिक टिप्पणी नहीं की जाएगी। ना ही आपत्तिजनक फोटो-वीडियो भेजे जाएंगे और ना ही कमेंट्स या पोस्टर-बैनर लगाए जाएंगे। यह आदेश अगले 2 महीने यानी, 12 नवंबर तक लागू रहेगा। यदि कोई आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

**इसलिए आदेश की पड़ी जरूरत**

पुलिस के अनुसार, 17 साल की पीड़िता बैरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला अरमान मंसूरी नाबालिग को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजता था। लगातार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पीड़िता को फॉलो कर भद्दे कमेंट्स करता था। जबरन बातचीत करने का दबाव बनाता था। लड़की बात करने से इनकार करती थी, अथवा रिप्लाई नहीं करती तो उसके मार्फ फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। इससे तंग युवती ने मामले की जानकारी मां को दी। मां ने पिता को बताया। पिता उसे लेकर बुधवार को थाने आए। इस मामले में कुल चार आरोपी हैं। इनमें से दो अरमान और अनस के विरुद्ध कलेक्टर ने रासुका की कार्रवाई की है।

**बैरसिया थाने का घेराव हो चुका**

11वीं की छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने के इस मामले में गुरुवार को हिंदू संगठनों ने बैरसिया थाने का घेराव किया था। BJP विधायक विष्णु खत्री भी मौके पर पहुंचे थे। हंगामा बढ़ता देख कलेक्टर सिंह मौके पर पहुंचे और कार के बोनट पर खड़े होकर प्रदर्शनकारियों को समझाया था। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। कलेक्टर ने कहा था कि जो भी शिकायत है, हम उस पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। कार्रवाई के बाद आपको बताएंगे भी।

धार में BJPSadasyata2024 के तहत आयोजित प्रबुद्धजन सदस्यता कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री मनोज सोमानी समेत अन्य भाजपा पदाधिकारीगण साथ रहे।
प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा मध्यप्रदेश



आलेख

# हिंदी: राजभाषा, राष्ट्रभाषा और विश्वभाषा...

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। आज देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। देश की राजभाषा हिंदी होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्य रिपोर्टें राजभाषा विभाग को त्वरित गति से भिजवाना आसान हो गया है। सभी मंत्रालयों और विभागों ने अपनी वेबसाइटें हिंदी में भी तैयार कर ली हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को हिंदी में मिलने से गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्ग के लोग भी लाभान्वित होते हुए देश की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। देश की स्वतंत्रता से लेकर हिंदी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिंदी तथा प्रांतीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय द्वारा 'विश्व हिंदी सम्मेलन' और अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा 'प्रवासी भारतीय दिवस' मनाया जाता है, जिसमें विश्व भर में रहने वाले प्रवासी भारतीय भाग लेते हैं। विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम से भारतीय मूल्यों का विश्व में और अधिक विस्तार हो रहा है। विश्वभर में करोड़ों की संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को एक नई पहचान मिली है। भारतीय विचार और संस्कृति का वाहक होने का श्रेय हिंदी को ही जाता है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। हिंदी जन-आंदोलनों की भी भाषा रही है। हिंदी के महत्व को गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, फ्रभारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदीफ्र। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। यह खुशी की बात है कि सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी का इस्तेमाल बढ़ रहा है। आज वैश्वीकरण के दौर में, हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है। आज पूरी दुनिया में 260 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकें बड़े पैमाने पर हिंदी में लिखी जा रही हैं। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। भाषा का विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। आज के तकनीकी के युग में विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी हिंदी में काम को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि देश की प्रगति में ग्रामीण जनसंख्या सहित सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके लिए यह अनिवार्य है कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी ज्ञान से संबंधित साहित्य का सरल अनुवाद किया जाए। इसके लिए राजभाषा विभाग ने सरल हिंदी शब्दावली भी तैयार की है। राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन योजना के द्वारा हिंदी में ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकों के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे हमारे विद्यार्थियों को ज्ञान-विज्ञान संबंधी पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध होंगी। हिंदी भाषा के माध्यम से शिक्षित युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें, इस दिशा में निरंतर प्रयास भी जरूरी है। भाषा वही जीवित रहती है, जिसका प्रयोग जनता करती है। भारत में लोगों के बीच संवाद का सबसे बेहतर माध्यम हिंदी है। इसलिए इसको एक-दूसरे में प्रचारित करना चाहिये। हिंदी भाषा के प्रसार से पूरे देश में एकता की भावना और मजबूत होगी।




संपादकीय

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः विमर्श के विषय

कभी किसी जमाने की बात याद है न! जब प्रत्येक राष्ट्रीय क़ानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुछेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुछेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुछेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुछेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं। 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुछेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुछेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुछेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुछेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सह प्रभारी और रामगढ़ , राजस्थान से मौजूदा विधायक श्री जुबैर ख़ान जी के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें और पूरे परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।
जीतू पटवारी अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस



# भोपाल में निगम ने वसूले 13.75 करोड़ रुपए

## लोक अदालत के चलते दी गई छूट; देर रात तक खुले रहे वार्ड-जोन ऑफिस



न्यूज क्राइम फाइल

नेशनल लोक अदालत के मौके पर शनिवार को नगर निगम ने लोगों को सरचार्ज में छूट दी। इसके चलते बड़ी संख्या में लोग निगम के वार्ड और जोन ऑफिसों में टैक्स जमा कराने पहुंचे। देर रात तक ऑफिस खुले रहे। यहां रात 10 बजे तक कुल 13 करोड़ 75 लाख रुपए बतौर टैक्स वसूला गया। जोन एवं वार्ड कार्यालयों में आयोजित शिविरों में करदाताओं ने संपत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लिया। 8 हजार 800 से अधिक करादाताओं ने 13 करोड़ 75 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा कराई।

**किसी को भी बिना राशि जमा कराए नहीं जाना पड़ा**

नेशनल लोक अदालत शिविर में किसी भी करदाता को करों की राशि जमा किए बगैर वापस नहीं जाना पड़ा। निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने वार्ड कार्यालयों/शिविरों का सतत रूप से निरीक्षण किया और राजस्व अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**निगम ने जुर्माना भी किया**

सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई भी की गई। इस दिन निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने वाले को कचरे में मिले मोबाइल नंबर के आधार पर तलाश कर 5 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया। उधर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण यादव ने स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में स्वच्छता एम्बेडसर की मीटिंग भी की।

# डोल ग्यारस पर अखाड़ों ने किया प्रदर्शन



न्यूज क्राइम फाइल

राजधानी भोपाल में डोल ग्यारस का पर्व शनिवार को भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर विभिन्न समाजों के सुसज्जित 150 से अधिक लड्डू गोपाल के डोल चल समारोह में शामिल हुए। इसका नेतृत्व पीपल चौक के %भोपाल के राजा% गणेश ने किया। जो विभिन्न समाजों की सनातनी परंपरा की सकारात्मक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। शनिवार को पीपल चौक से निकलने वाले डोल के पीछे अन्य अखाड़ों ने प्रदर्शन कर समाज में अपनी शक्ति और साहस का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में बरखेड़ी श्री राधा कृष्ण मंदिर से श्रीराम बजरंग अखाड़ा व शाक्यकोली समाज मंदिर से कृष्ण अर्जुन अखाड़ा शामिल हुए। जो अपने विमानों के साथ हाथों में डंडे, लाठी, ढाल व तलवार से हैरत अंगेज करतब करते हुए शक्ति और साहस का परिचय दे रहे थे।

**पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर**

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।

उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441
संजीव कुमार (ब्यूरो प्रभारी भोपाल) 08224965455
email: newscrimefile@yahoo.com

पुस्तकें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का स्रोत हैं। आज होल्कर साइंस कॉलेज, इंदौर में मुख्यमंत्री परीक्षार्थी सुविधा केंद्र लाइब्रेरी का शुभारंभ किया, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।
मोहन यादव- सीएम मप्र



# हर बूथ पर 100 सदस्य बनाएगी भाजपा: वीडी शर्मा

## किसान सदस्यता दिवस मनाएंगे, हारी हुई विधानसभाओं पर होगा फोकस

**न्यूज क्राइम फाइल**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में रविवार को किसान सदस्यता दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सदस्य बनाया जाएंगा। बीजेपी के ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा, को-ऑपरेटिव कार्यकर्ता मैदान में उतरेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के हर बूथ पर 100 सदस्य बनाए जाएंगे। रतलाम में शुक्रवार को सदस्यता अभियान को लेकर बुलाई बैठक के पहले प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश ने संगठन के पर्व और सदस्यता के अभियान के लिए कल 15 सितम्बर का दिन अधिकतम सदस्यता का दिन तय किया है। इस दिन पार्टी की अधिकतम सदस्यता होगी। किसान और ग्रामीण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मेम्बरशिप करेंगे। शर्मा ने कहा कि किसान मोर्चे के सभी पदाधिकारी, बूथों तक काम करने वाले कार्यकर्ता, को-ऑपरेटिव बैंक में काम करने वाली सभी कार्यकर्ता, जिला पंचायत के




अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य, जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्य ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के साथ हमारा सभी संगठनात्मक तंत्र मैदान मे उतरेगा।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के हर बूथ पर कम से कम 100 सदस्य बनाकर मध्य प्रदेश के सदस्यता के अभियान में इतिहास बनाएंगे। शर्मा ने सभी से अपील की है कि कल सुबह से लेकर रात तक मध्य प्रदेश के सदस्यता अभियान को ऐतिहासिक बनाएं।

### हारी हुई विधानसभा पर अधिक फोकस

रतलाम की सैलाना और झाबुआ विधानसभा के प्रवास के दौरान शर्मा ने मीडिया से चर्चा कहा कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में हारी हुई विधानसभा पर विशेष फ़ोकस किया जा रहा है। हारी हुई विधानसभा के बूथ और शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं से बात करेंगे। यह सदस्यता अभियान सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी होगा। उन्होंने कहा कि सैलाना विधानसभा इस बार हम हारे हैं, इसलिए उन विधानसभाओं को या उन क्षेत्र को ज्यादा फोकस किया है कि वहां ज्यादा से ज्यादा सदस्यता भारतीय जनता पार्टी के बने और नए लोगो को अवसर मिले। उन्होंने कहा कि विधानसभाओं में 15000 बूथ पर हारते आ रहे हैं। इसलिए पार्टी ने लगातार उन बूथों पर फोकस किया है। इसके पहले रतलाम पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल की थाप पर उनका स्वागत किया। सदस्यता अभियान के अंतर्गत शर्मा रतलाम, धार, झाबुआ के दौरे पर हैं।

# 11 साल की बालिका के साथ ममेरे-भाई ने किया दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी का बाजार में निकाला जुलुस



**न्यूज क्राइम फाइल**

शिवपुरी शहर में मनियर क्षेत्र में एक 11 साल की बालिका के साथ उसी के 25 साल के ममेरे भाई ने रेप की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित बालिका की शिकायत पर पुलिस ने दो घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने आज आरोपी का शहर की सड़क पर जुलूस निकालते हुए न्यायालय में पेश किया हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, मनियर क्षेत्र में रेप की वारदात को अंजाम दिया गया हैं। बताया गया हैं कि पीड़िता और उसका मामा पड़ोस में ही रहते थे। बीती रात जब पीड़िता अपने घर से सो रही थी। तभी आरोपी उसे किसी बहाने से अपने घर उठाकर ले गया था। पीड़िता भी अपने मामा के लड़के साथ चली गई थी। जहां आरोपी ने बालिका के साथ जबरदस्ती रेप की वारदात को अंजाम दिया। रेप की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था। दर्द से कराहती बालिका ने घर पहुंचकर अपनी मां को घटना के बारे में बताया था। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ कोतवाली में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली प्रभारी रोहित दुबे ने बताया शिकायत के बाद पुलिस आरोपी शिवम की तलाश में जुट गई थी। आरोपी शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। पुलिस ने मुखबिरों की मदद से आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर लिया हैं।

### दुष्कर्मी का निकाला बाजार में जुलूस

रिश्ते में लगने वाली बहन के साथ रेप की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी शिवम को आज कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। इस दौरान रिश्तों को तार तार करने बाले आरोपी का पुलिस ने जुलूस निकाल दिया। इस दौरान आरोपी माता बहनों का सम्मान करों, जुर्म करना पाप हैं, पुलिस हमारी बाप हैं कहता हुआ सड़क पर चलता हुआ दिखाई दिया था।

कुरुक्षेत्र में उमड़े लोगों का जोश और उत्साह बता रहा है कि पूरे हरियाणा में भाजपा की प्रचंड लहर है।
प्रधानमंत्री- नरेंद्र मोदी



# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

## दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए; टीम की लगातार पांचवीं जीत

**न्यूज क्राइम फाइल**

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मुकाबला चीन में हुलुनबुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार पांचवीं जीत है। भारत के लिए दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए। पाकिस्तान की ओर से अहमद नदीम ने गोल किया। भारत 5 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। जबकि पाकिस्तान 5 में से 2 मुकाबले जीतकर दूसरे नंबर पर है। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल मुकाबले के दौरान पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबले का पहला गोल पहले क्वार्टर के 7वें मिनट में पाकिस्तान के अहमद नदीम ने किया। यहां शाहीन ने शॉट खेलते हुए डी के अंदर बॉल डाली थी, जिसे नदीम ने डिफ्लेक्ट करके गोल कर दिया। इसी के साथ पाकिस्तान इस मुकाबले में 1-0 से आगे हो गया। इसके बाद 13वें मिनट में भारत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में कन्वर्ट करके बराबरी कर ली। हरमनप्रीत सिंह ने गोल पोस्ट के राइट कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक करके गोल किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत (19वें मिनट) में भारत को कप्तान हरमनप्रीत ने बढ़त दिला दी। अभिषेक के इंजेक्ट पर हरमनप्रीत ने गोल पोस्ट के सेंटर में शॉट लिया। यही गोल निर्णायक साबित हुआ। भारत की पाकिस्तान पर 8वीं जीत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की पाकिस्तान पर यह 8वीं जीत है। दोनों टीमों के बीच यह 12वां मुकाबला था। इस दौरान पाकिस्तान केवल 2 मैच जीत सका है। वहीं 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। सेमीफाइनल 16 को खेला जाएगा भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 16 और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। भारत सबसे सफल टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 13 साल पहले 2011 में हुई थी। भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की डिफेंडिंग चैंपियन है।




# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

## सोना 1,113 रुपए बढ़कर 73,044 रुपए पर पहुंचा, चांदी 86,100 रुपए प्रति किलो बिक रही

**न्यूज क्राइम फाइल**

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 7 सितंबर को सोना 71,931 रुपए पर था, जो अब (14 सितंबर) को 73,044 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 1,113 रुपए की बढ़ी है। वहीं चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 83,338 रुपए पर थी, जो अब 86,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 2,762 रुपए बढ़ी है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी। वहीं सोने ने 21 मई को 74,222 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

दिल्ली:10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,410 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,610 रुपए है।



मुंबई:10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,260 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,460 रुपए है।

कोलकाता:10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 68,260 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 74,460 रुपए है।

चेन्नई:10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,260 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,460 रुपए है।

भोपाल:10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,310 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,510 रुपए है।

इस साल सोने में अब तक 9 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी IBJ के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 9,692 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 73,044 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 86,100 रुपए पर पहुंच गए हैं। 2030 तक 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो सकता है सोना विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया के अनुसार 2030 तक सोने के दाम 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। सोने की कीमतों में उछाल के कारणों में भू-राजनीतिक तनाव से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे फैक्टर्स है।

नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन-2024 के समापन सत्र की अध्यक्षता की। पीएम के भारत ने जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में आतंक को विफल करने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है।
केंद्रीय गृहमंत्री-अमित शाह



# कुएं में लटकी मिलीं देवरानी-जेठानी

## नानी-नातिन की लाशें पानी में मिलीं; छोटे भाई की पत्नी ने सालभर पहले किया था सुसाइड

न्यूज़ क्राइम फाइल



सागर में शनिवार सुबह कुएं में तीन महिलाओं और एक बच्ची का शव मिला है। इनमें दो महिलाएं फंदे पर लटकी मिलीं, जबकि बुजुर्ग महिला और बच्ची का शव पानी में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चारों शवों को कुएं से निकलवाने के लिए एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया। सभी शवों को निकाला जा चुका है। मामला देवरी थाना क्षेत्र के कोपरा गांव का है। देवरी एसडीओपी शशिकांत सरयाम ने बताया कि महिलाओं की पहचान आरती लोधी (35), भारती लोधी (29), भागवती बाई (65) के रूप में हुई है। बच्ची का नाम रोमिका लोधी (6) है, जो भारती की बेटी थी। भारती और आरती रिश्ते में देवरानी-जेठानी थीं। नानी भागवती लोधी और नातिन रोमिका लोधी का शव पानी में मिला है। भागवती बाई भारती की मां थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। जानकारी के मुताबिक साल भर पहले परिवार की छोटी बहू ने सुसाइड कर लिया था। इस मामले में पति सोनू और आरती का पति करोड़ी जेल में हैं।

**साल भर पहले परिवार की छोटी बहू ने किया था सुसाइड**

परिवार के सदस्य सुरेंद्र लोधी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे गांव के ही रहने वाले किशोर लोधी ने सूचना दी थी। इसके बाद सरपंच और पुलिस को बताया। हम और गांव वालों के साथ मौके पर पहुंचे। सुरेंद्र ने बताया कि एक साल पहले छोटे भाई सोनू लोधी की पत्नी ने जहर खाकर सुसाइड किया था।

**मामले में पति सोनू अपने बड़े भाई के साथ जेल में है**

मामले में पुलिस ने परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में सोनू और अपने बड़े भाई करोड़ी के साथ जेल में हैं। करोड़ी आरती का पति है। वहीं, भारती का पति किशोरी फरार है। सोनू के ससुराल वाले परिवार को लगातार परेशान कर रहे थे। आए दिन घर आकर धमकी देते थे। मारपीट और गाली-गलौज करते थे। शुक्रवार रात करीब 10 बजे भी घर आकर विवाद किया था। डर के मारे मैं रात में घर भी नहीं गया था।

# होटल में महिला से सेना के जवान ने किया रेप



न्यूज़ क्राइम फाइल

सेना के जवान द्वारा एक शादीशुदा महिला के साथ होटल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी का नाम संजय यादव है। वो इटावा यूपी का रहने वाला है और असम में पदस्थ है। पीड़ित महिला बैंक अधिकारी की पत्नी है। आरोपी ने महिला को होटल में बुलाया था और ज्यादती के बाद महिला के प्राइवेट पार्ट में कांच का ग्लास डाल दिया। शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार होटल में घटना के बाद पीड़िता महिला थाने पहुंची और आरोपी के होटल में होने की जानकारी पुलिस को दी। पीड़िता को ब्लीडिंग हो रही थी और उससे ठीक से चला नहीं जा रहा था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। वीडियो के जरिए उसे लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। रात को महिला के साथ होटल में ज्यादती हुई। ज्यादती के बाद पीड़िता से आरोपी ने रुपए भी मांगे थे। पीड़िता होटल से बाहर निकली और थाने पहुंच गई। आरोपी पीड़िता से पहले रुपए ले चुका है।

## फोटो गैलरी





**महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की 500वी जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले आयोजन के संबंध में मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने सहभागिता की एवं सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।**

आज जोधपुर में तरंग शक्ति अभ्यास के दौरान हवाई प्रदर्शन देखा। यह अभ्यास मित्र देशों के बीच सहयोग, समन्वय और विश्वास को मजबूत करेगा। तरंग शक्ति भारतीय सशस्त्र बलों के बढ़ते कद को रेखांकित करती है।
रक्षा मंत्री-राजनाथ सिंह



# मप्र के 19 निकायों में उपचुनाव, 12 पर भाजपा जीती

न्यूज क्राइम फाइल

मध्यप्रदेश के 19 नगरीय निकायों में पार्षद पद के लिए हुए उपचुनाव की काउंटिंग शुक्रवार को हुई। इनमें सबसे ज्यादा 12 वार्डों में भाजपा के उम्मीदवार जीते हैं। 4 वार्ड में कांग्रेस उम्मीदवार ने जीत दर्ज कराई है। इसके अलावा 2 निर्दलीय उम्मीदवार ने भाजपा उम्मीदवार को हराया है। कटनी की विजयराधौगढ़ नगर पालिका के वार्ड 13 से भाजपा उम्मीदवार अमृतलाल को निर्विरोध पार्षद चुना गया है।

**इंदौर नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी जीता**

कहां : इंदौर नगर निगम, वार्ड- 83
क्यों : पार्षद कमल लड्ढा के निधन के कारण सीट खाली।
कौन जीता : जितेंद्र राठौर, भाजपा, वोट मिले- 6490
किसे हराया : विकास जोशी, वोट मिले- 2235
**हार-जीत का अंतर : 4255**

**गुना में भाजपा ने फिर दर्ज कराई जीत**

कहां : गुना नगर पालिका, वार्ड-30
क्यों : पार्षद अतुल गौड़ की सरकारी नौकरी लगने से सीट खाली।
कौन जीता : रमेश भील भाजपा, वोट मिले-1116
किसे हराया : निर्दलीय हेमलता सितारा, वोट मिले-737
**हार-जीत का अंतर : 379**



**शाहपुर में 24 वोटों से जीती भाजपा**

कहां : शाहपुर नगर परिषद, वार्ड-2
क्यों : निर्दलीय पार्षद वामनराव ससाणे के निधन के कारण सीट खाली।
कौन जीता : अशोक सीताराम निकम, भाजपा, वोट मिले- 421
किसे हराया : वंदना बाई वामनराव, कांग्रेस, वोट मिले- 397
**हार-जीत का अंतर : 24 वोट**

**नेपानगर पालिका में कांग्रेस का कब्जा बरकरार**

कहां : नेपानगर पालिका, वार्ड- 23
क्यों : कांग्रेस पार्षद रतन सिंह भिलावेकर के निधन के कारण सीट खाली।
कौन जीता : पार्वती भिलावेकर, कांग्रेस। वोट मिले- 296
किसे हराया : कैलाश वास्कले, भाजपा । वोट मिले- 262
**हार-जीत का अंतर : 34 वोट**

**जावरा नगर पालिका के वार्ड 4 में कांग्रेस जीती**

कहां : जावरा नगर पालिका, वार्ड-4
क्यों : कांग्रेस पार्षद सईदा बी के निधन के कारण सीट खाली।
कौन जीता : जन्नत बी, कांग्रेस। वोट मिले- 912
किसे हराया : जम्मो बी, भाजपा। वोट मिले- 475
**हार-जीत का अंतर : 437**

**ताल नगर परिषद में फिर निर्दलीय ने मारी बाजी**

कहां : नगर परिषद ताल, वार्ड- 9
क्यों : निर्दलीय प्रत्याशी ईश्वरबाई बैरागी के निधन के कारण सीट खाली ।
कौन जीता : विनीता परमार, निर्दलीय। वोट मिले- 449
किसे हराया : सीमा बैरागी, भाजपा। वोट मिले- 218
**हार-जीत का अंतर : 231**



प्रदेश के 13 जिलों में आयोजित नगरीय निकायों के उप चुनावों में 19 में से 13 पार्षद भाजपा के विजयी हुए हैं। सभी विजयी प्रत्याशियों को मेरी ओर से बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं एवं सभी मतदाताओं का आभार।
**- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

# मां ने बेटा-बेटी का गला दबाया, खुद फंदे पर झूली

## दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचा पति, डेढ साल की बेटी गंभीर

न्यूज क्राइम फाइल

सागर में गढ़ाकोटा के रामबाग वार्ड में मां ने बेटा और बेटी का गला दबाया और खुद फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। वारदात में डेढ साल की बेटी की जान बच गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है। प्राथमिक जांच में वारदात के बीच पारिवारिक कलह सामने आ रही है। हालांकि पुलिस मर्ग कायम कर वारदात की हर बिंदु पर जांच कर रही है। शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार रामबाग वार्ड निवासी देवी पटेल गुरुवार रात करीब 9 बजे बाजार से अपने घर पहुंचे। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने पत्नी रीना पटेल को आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखा तो अंदर पत्नी फंदे पर झूल रही। यह देख देवी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। अंदर से बंद दरवाजे को तोड़कर खोला गया। परिवार के लोग अंदर पहुंचे तो देखा 8 साल की बेटा नीरज पटेल पलंग पर बेहोश पड़ा है। वहीं बाजू में जमीन पर डेढ साल की बेटी परी पटेल बेहोश पड़ी थी। रीना फंदे पर झूल रही थी। परिवार वालों ने रीना को फंदे से उतारा और बेटा-बेटी को लेकर तत्काल गढ़ाकोटा अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद मां रीना और बेटे नीरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं परी को गंभीर हालत में बीएमसी में भर्ती कराया गया है।

**गला दबाकर बेटे को मारा, फिर मां ने लगाया फंदा**

घटनास्थल की परिस्थितियां देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक रीना ने सबसे पहले



बेटे नीरज की गला घोंटकर हत्या की। जिसके बाद बेटी परी का भी गला दबाया। बेटी के बेहोश होने के बाद खुद ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। हालांकि पुलिस की जांच में वारदातस्थल पर डेटॉल और टॉयलेट क्लीनर की बोतल मिली हैं।

मध्य प्रदेश में सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है।
नेता प्रतिपक्ष-राहुल गांधी



# बीजेपी विधायक ने एसपी को कहा अपराधी

## भोपाल में नाबालिग को अश्लील मैसेज के मामले में बोले- ये अपराधियों को शरण दे रहे

न्यूज क्राइम फाइल

बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल ग्रामीण के एसपी प्रमोद सिन्हा के लिए कहा कि वह अपराधी है। अपराधियों को शरण देते हैं। बीजेपी विधायक ने एसपी को नसीहत दी कि अपराधियों से दोस्ती करना बंद कर दीजिए। दरअसल, भोपाल के बैरसिया में नाबालिग छात्रा को अश्लील मैसेज करने और फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया था। इस मामले में कार्रवाई को लेकर लेटलतीफी पर बीजेपी विधायक ने एसपी को जिम्मेदार ठहराया।

बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने शुक्रवार को कहा- हिंदू समाज ने जो एकजुटता का परिचय दिया है, उसके लिए मैं बधाई देता हूं। पुलिस प्रशासन ने जो कार्रवाई में लापरवाही की है, वह गलत है। वहां एसपी अपराधी है। वो अपराधियों को शरण देते हैं, नहीं तो कार्रवाई तत्काल हो जाती। समाज को इस तरह इकट्ठा होने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

**कलेक्टर ने आरोपियों पर की रासुका की कार्रवाई**

नाबालिग को अश्लील मैसेज भेजने वाले दो





युवकों पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने रासुका की कार्रवाई की है। इस मामले में एक दिन पहले गुरुवार को बैरसिया में जमकर हंगामा हुआ था। कलेक्टर ने कार की बोनट पर खड़े होकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। इसके बाद प्रदर्शन करने वाले माने थे। इसके दूसरे दिन शुक्रवार को आरोपियों पर रासुका की कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर ने अनस खान उर्फ आदिल अहमद पिता अनीस अहमद खान निवासी शेरपुरा और अरमान खान पिता हबीब खान निवासी बाल विहार बैरसिया के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की। कलेक्टर ने बताया, अन्य के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करेंगे।

**जांच के लिए बनाई गई टीम, 7 दिन में देनी होगी रिपोर्ट**

बैरसिया में हुए इस मामले में विस्तृत जांच के लिए कलेक्टर सिंह ने जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद शुक्रवार को बैरसिया एसडीएम दीपक पांडे की अध्यक्षता में जांच दल भी गठित किया है। एसडीओपी मंजू चौहान सदस्य बनाई गई है। घटना की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपना है।

**यह है पूरा मामला**

पुलिस के अनुसार, 17 साल की पीड़िता बैरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला अरमान मंसूरी नाबालिग को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजता था। लगातार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पीड़िता को फॉलो कर भद्दे कमेंट्स करता था। जबरन बातचीत करने का दबाव बनाता था। लड़की बात करने से इनकार करती थी, या रिप्लाई नहीं करती तो उसके मार्फ फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। इससे तंग युवती ने मामले की जानकारी मां को दी। मां ने पिता को बताया। पिता उसके लेकर बुधवार को थाने आए। इस मामले में कुल चार आरोपी बताए जा रहे हैं।

# महापौर की सरकारी गाड़ी पर लिखा था BOSS, काटा चालान

## कांग्रेस नेता ने मोदी का मुखौटा पहनकर भरा जुर्माना, भाजपा ने टीआई को घेरा

न्यूज क्राइम फाइल

खंडवा में नगर निगम परिसर में खड़ी भाजपा महापौर की सरकारी गाड़ी का चालान काट दिया गया। गाड़ी के नंबर प्लेट पर ब्रह्म्स लिखा था, जो ट्रैफिक नियमों के खिलाफ हैं। निगम में नेता प्रतिपक्ष ने मुल्लू राठौर ने ट्रैफिक टीआई से शिकायत की थी। वहीं कांग्रेस पार्षदों ने गाड़ी के सामने धरना दे दिया। मौके पर पहुंचे टीआई ने चालान काट दिया। महापौर के ड्राइवर के वहां मौजूद नहीं होने पर नेता प्रतिपक्ष ने ही जुर्माने की राशि 500 रुपए भर दी। इस दौरान कांग्रेसी पीएम मोदी का मुखौटा पहने हुए थे। भाजपा नेताओं को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने हंगामा कर दिया।

**भाजपा नेताओं ने ट्रैफिक टीआई को घेरा**

भाजपा पार्षद और नेताओं ने ट्रैफिक पुलिस की चालानी कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने ट्रैफिक टीआई सौरभ सिंह कुशवाह को नगर निगम परिसर में ही घेर लिया। आधे घंटे तक हंगामा चला। भाजपा नेताओं का कहना था कि खड़ी गाड़ी का चालान कैसे काट सकते हो। जब गाड़ी सड़क पर चलती दिखी तो कार्रवाई करना। उन्होंने कहा कि



टीआई का दो दिन के भीतर ट्रांसफर करवा देंगे।

**आरटीओ नियमों के खिलाफ थी नंबर प्लेट**

शुक्रवार को नगर निगम का साधारण सम्मेलन था। सम्मेलन में महापौर अमृता यादव सहित भाजपा और कांग्रेस के सभी पार्षद पहुंचे थे। निगम सभागार में सम्मेलन के दौरान कई विषयों पर कांग्रेस और भाजपा पार्षदों में तू-तू मैं-मैं चली। बाद में कांग्रेस पार्षद व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने सरकारी वाहन पर लगी नंबर प्लेट को लेकर शिकायत की थी। जिस पर BOSS लिखा था। यह नंबर प्लेट आरटीओ नियम के विपरीत थी। गाड़ी का वास्तविक नंबर MP11-T-8055 हैं।

**महापौर ने कहा-नेता प्रतिपक्ष परिणाम भुगतेंगे**

महापौर अमृता यादव का कहना है कि निगम परिसर में खड़ी गाड़ी पर कार्रवाई कर रहे हैं। कांग्रेसी मोदीजी का मुखौटा लगाकर कह रहे है कि मोदीजी चालान भरेंगे। यह आप लोगों की भाषा है। आप ऐसी भाषा बोलकर प्रधानमंत्री का अपमान कर रहे हैं। भाजपा ऐसी भाषा और प्रधानमंत्री का अपमान सहन नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष को इसके लिए आगे जो परिणाम होगा उसके लिए तैयार रहना पड़ेगा। टीआई सौरभसिंह कुशवाह का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने शिकायत की थी कि महापौर की गाड़ी का नंबर 8055 है, उसे इस तरह लिखा गया है कि वह ब्रह्म्स लिखा हुआ दिख रहा है। इसलिए उसका चालान बनाया है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निवास पर गौमाता ने नवजात बछड़े को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न विद्यमान है।
डिप्टी सीएम मप्र- जगदीश देवड़ा



# पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, फिर थाने पहुंचा...

## भाई बोला- चरित्र पर शक करता था बहनोई; काम भी छुड़वा दिया था

**न्यूज क्राइम फाइल**

अशोक नगर में युवक ने कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद घर में ताला लगाया और थाने पहुंच गया। पुलिस से कहा- मैंने पत्नी को मार डाला है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ की। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामला शंकर कॉलोनी में शुक्रवार सुबह साढ़े 8 से 9 बजे के बीच का है। वारदात के वक्त दंपती घर में अकेले थे। दोनों बच्चे स्कूल गए थे।

**भाई बोला- चरित्र पर शक करता था**

महिला के भाई ने पुलिस को बताया, बहन किरण (36) की शादी साल 2003 में दशरथ रजक से हुई थी। परिवार अशोक नगर की शंकर कॉलोनी में रहता है। किरण आसपास के लोगों के यहां मेड का काम करती थी। दशरथ, किरण के चरित्र पर शक करता था इसलिए डेढ़ साल पहले उसका काम छुड़वा दिया। दशरथ खुद भी कोई काम नहीं करता था। ऐसे में घर में खाने के लाले पड़े रहते थे। दशरथ, किरण को मायके से पैसे लाने के लिए परेशान करता था। कई बार मारपीट भी की। हमने कई बार उन लोगों की मदद भी की थी। उसने किरण को क्यों मार डाला, पता नहीं।



किरण, मृतका

# तराजू पर बेटे को बैठाया, नोटों से तौला

## 10-10 रुपए के नोट की एक हजार से ज्यादा गड्डियां चढ़ाई, मंदिर में कर दीं दान

**न्यूज क्राइम फाइल**

उज्जैन में मन्नत पूरी होने पर एक शख्स ने अपने बेटे को नोटों की गड्डियों से तौल दिया। तराजू के एक पलड़े में थैलियों में 10-10 रुपए की एक हजार से ज्यादा गड्डियां रखीं, दूसरे में बेटे को बैठाया। बेटे का वजन 83 किलो है। तौल के बाद कुल 10 लाख 7 हजार रुपए मंदिर के लिए दान कर दिए। मामला जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर बड़नगर में गुरुवार का है। इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया।

**चार साल पहले मांगी थी मन्नत**

बड़नगर के रहने वाले चतुर्भुज जाट पेशे से किसान हैं। उन्होंने चार साल पहले 30 साल के बेटे वीरेंद्र जाट के लिए श्री सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में मन्नत मांगी थी। तय किया था कि मन्नत पूरी होती है, तो बेटे के वजन के बराबर पैसे मंदिर में दान करेंगे। चतुर्भुज ने मन्नत के बारे में तो नहीं बताया, यह जरूर कहा कि मन्नत पूरी हो गई है।



**10 लाख 7 हजार की रकम मंदिर को सौंपी**

चतुर्भुज जाट ने गुरुवार को तेजाजी दशमी के दिन बेटे को नोटों की गड्डियों में तौलना तय किया। इसके लिए 10-10 के नोटों की एक हजार से ज्यादा गड्डियां इकट्‌?ठा कीं। मंदिर में बड़ा तराजू भी मंगवाया गया। एक तरफ बेटे वीरेंद्र जाट को बैठाया, दूसरी तरफ थैलियों में नोटों के बंडल रखे गए थे। तराजू में वीरेंद्र के वजन के बराबर करीब एक हजार सात गड्डियां रखी गई थीं। गिनने पर यह राशि 10 लाख 7 हजार निकली। इस रकम को तेजाजी मंदिर के निर्माण कार्य के लिए दान कर दिया गया।

**दो साल से इकट्ठा कर रहे थे नोट**

वीरेंद्र जाट ने कहा, दो साल से भी पहले से रुपए इकट्ठा करना शुरू कर दिया था। इन्हें बैंक में जमा करते जा रहे थे। मन्नत पूरी होते ही अलग-अलग बैंकों से एक्सचेंज में जितने भी 10-10 के नोट मिले, ले लिए। रिश्तेदारों और परिचितों से भी मदद ली। इस तरह करीब 1007 गड्डियां इकट्ठी कीं। इसके अलावा भी गड्डियां बनाकर रखी थीं। सोचा था कि अगर वजन बढ़ जाएगा तो और नोट चढ़ा देंगे।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के नेतृत्व में सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।
शिवराज सिंह चौहान-केंद्रीय कृषि मंत्री



# 177 दिन बाद जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल

## कहा-सच्चा था इसलिए भगवान ने साथ दिया
## सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में जमानत दी



संदीप कुमार सिंह

तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद अरविंद केजरीवाल ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके बाद तिहाड़ जेल के बाहर से लोगों को संबोधित करते हुए लाखों करोड़ों लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे में लोगों ने मन्नतें मांगी और दुआएं की। केजरीवाल ने कहा कि मेरे जिंदगी का एक एक कण और शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित है। मैंने जिंदगी में बहुत संघर्ष किया है। बहुत मुसीबतें झेली हैं। लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया है। ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया क्योंकि मैं सच्चा था।

इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। इन लोगों को लगा कि केजरीवाल को जेल में डालने से हौसले टूट जाएंगे। आज मैं कहना चाहता हूं कि जेल से बाहर आकर हौसला 100 गुणा बढ़ गया। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जेल की सलाखें केजरीवाल के हौसले को कमजोर नहीं कर सकती। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि आज तक ऊपर वाले ने मुझे रास्ता दिखाया। ऐसे ही भगवान रास्ता दिखाते रहे। मैं देश की सेवा करता रहूं। राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ता रहा हूं आगे भी लड़ता रहूंगा।



**केजरीवाल ने कहा कि मेरे...**

जिंदगी का एक एक कण और शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित है। मैंने जिंदगी में बहुत संघर्ष किया है। बहुत मुसीबतें झेली हैं। लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया है। ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया क्योंकि मैं सच्चा था। इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। इन लोगों को लगा कि केजरीवाल को जेल में डालने से हौसले टूट जाएंगे। आज मैं कहना चाहता हूं कि जेल से बाहर आकर हौसला 100 गुणा बढ़ गया।

# कश्मीर के किश्तवाड़ में एनकाउंटर, 2 जवान शहीद

## 2 घायल, सेना ने 4 आतंकियों को घेरा



न्यूज क्राइम फाइल

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चत्तरू में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में सेना के 2 जवान शहीद हो गए। इनकी पहचान व्हाइट नाइट कॉर्प्स के नायब सूबेदार विपिन कुमार और सिपाही अरविंद सिंह के रूप में हुई है। 2 और घायल जवानों का इलाज चल रहा है। सुरक्षाबलों ने पिंगनल दुगड्डा के जंगलों में छिपे 3-4 आतंकियों को घेर रखा है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। चत्तरू बेल्ट के नैदघाम इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। तभी मुठभेड़ हुई। इधर, शुक्रवार देर रात बारामूला के चक टेपर क्रीरी पट्टन इलाके में भी मुठभेड़ शुरू हो गई है। कश्मीर जोन पुलिस ने 𝕏 पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। दो दिन पहले दो आतंकी मारे गए दो दिन पहले उधमपुर में सुरक्षाबलों से एनकाउंटर में 2 आतंकी मारे गए थे। सेना ने बताया कि आर्मी के फर्स्ट पैरा के जवानों को बुधवार सुबह उधमपुर के खंडरा टॉप के जंगलों में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। दोपहर 12.50 बजे आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग की। जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की। करीब चार घंटे चले एनकाउंटर के बाद सुरक्षाबलों ने तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की पहले फेज की वोटिंग होनी है। इससे सात दिन पहले उधमपर में एनकाउंटर और सीजफायर का उल्लघंन हुआ है। लिहाजा सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल ( म. प्र. ) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 ( प्रति सोमवार को प्रकाशित ) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। ) RNI.NO MPHIN/2015/63623